दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो नकाबपोश व्यक्ति घर घुसकर लूट की घटना को दिये अंजाम

» धरमजयगढ़ थाने में महिला ने दर्ज कराया रिपोर्ट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना धरमजयगढ में दिनांक 06.01.2020 को धरमजयगढ़ कालोनी कार्तिक निवास में रहनें वाली श्रीमति अंजली विश्वास उम्र 59 साल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 05/01/2020 को रात्रि करीब 7.30 बजे घर पर अकेली थी , पति बाहर जमीन गये हुये थे। उसी समय किसी ने दरवाजा खटखटाया तो पति आये है समझकर दरवाजा खोली तो दो अज्ञात व्यक्ति अपने चेहरे पर कपड़ा ढंक कर इसे धक्का देते हुए सोफा में बैठा दिये और लोहे के कत्ता से डरा धमकाकर घर के आलमारी की चाबी लेकर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नगदी रकम 5000 रू. तथा जाते समय दाहिने कान का सोने का टाप्स को खींचकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीडिता के अनुसार जेवरात व नगदी कीमती करीब 90,000 रूपये के हैं, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 01/19 धारा 458,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना खरसिया में दिनांक 06.01.2020 को जिला चांपा जांजगीर की रहने वाली महिला द्वारा चपले के दिनेश पटेल द्वारा छेड़खानी करने का लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीडिता बतायी कि चपले गांव में आने पर दिनेश पटेल आते जाते समय पीछा कर गंदे-गंदे अश्लील कमेंट करता है और पैसे की मांग भी करता है। कई बार उसके घर वालों को समझाईस और शिकायत भी की परन्तु वह नहीं मानता था। दिनांक 03.01.2020 को राबर्टशन स्टेशन में चरित्र को लेकर गंदी गंदी गालियां दे रहा था और आज दिनांक 06.01.2020 को ग्राम चपले आ रही थी तो स्टेशन से बाहर निकलकर काली पूजा मेला मैदान के आगे दिनेश पटेल आकर बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया, जैसे-तैसे हाथ छुड़ाकर भागी और अपने सहकर्मी लोगों को इस घटना की जानकारी दी। पीडिता के आवेदन पर आरोपी दिनेश पटेल उर्फ सेठी उर्फ छतराम पिता पनिक राम पटेल उम्र 35 साल निवासी चपले थाना खरसिया के विरूद्ध अप.क्र. 15/2020 धारा 354, 354(क), 354(घ) भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### प्लांट में हुई दुर्घटना पर ठेकेदार, सुपरवाईजर व कम्पनी प्रबंधक पर प्राथमिकी दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्गत में नर्मदा स्पात पूंजीपथरा के फर्नेश प्लांट के छत में आत्मा राम पिता जयराम उम्र 28 साल बकमुडा थाना घरघोड़ा से ठेकेदार रवि गुप्ता सुपरवाईजर संतोष चौहान एवं कंपनी प्रबंधक के द्वारा बिना सुरक्षा व्यवस्था के साथ लापरवाही पूर्वक जर्रजर सीट में कार्य कराया जा रहा था, इस दौरान करीब 25 फीट उपर से आत्मा राम नीचे जमीन में गिरने से उसके सिर एवं शरीर में गंभीर चोंट आने से उसकी मृत्यु हो गई। पी0एम0 रिपोर्ट एवं मर्ग जांच पर से दिनांक 05.01.2020 को ठेकेदार रवि गुप्ता सुपरवाईजर संतोष चौहान एवं कंपनी प्रबंधक के विरूद्ध अप.क्र. 05/2020 धारा 304 (ए) भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### एम.डी.कावरे सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2020 में जिला रायगढ़ हेतु (आई.ए.एस.)श्री एम.डी.कावरे को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक कावरे स्थानीय सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 01 में ठहरे हुए है। आम जनता पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उनसे मिल सकते है। जिनका दूरभाष नंबर 07762-222397 एवं मोबाईल नंबर 94252-29296 है। सामान्य प्रेक्षक का मुख्यालय से बाहर होने की स्थिति में उप संचालक खनिज एन.एल.सोनकर लाइजिंग आफिसर से मो.नं. 99771-64994 में संपर्क कर सकते है।

# कांग्रेस की जानकी काटजू बनी रायगढ़ की नई महापौर









**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगर निगम रायगढ़ में महापौर के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस की जानकी काटजू ने जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा की नवधा मिरी को 4 मतों से पराजित किया। जानकी काटजू ने 26 मत हासिल किए और नवधा मिरी को 22 मत मिले। सभापति के लिए कांग्रेस से जयंत ठेठवार व भाजपा से पंकज कंकरवाल अभ्यर्थी थे। जिसमें जयंत ठेठवार को 30 मत प्राप्त हुए और पंकज कंकरवाल को 18 मत मिले। इस प्रकार जयंत ठेठवार 12 मतों से पंकज कंकरवाल को हराकर सभापति बने।

## पार्षदों ने पहले ली शपथ फिर हुआ महापौर व सभापति का निर्वाचन

सर्वप्रथम नगर निगम रायगढ़ परिसर में कलेक्टर यशवंत कुमार ने नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई। वार्डवार 12 की संख्या में 48 पार्षदों ने विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा और निष्ठा रखने तथा भारत की संप्रभुता तथा अखण्डता बनाये रखने व निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली। शपथ के पश्चात महापौर, सभापति व अपीलीय समिति के सदस्यों का निर्वाचन हुआ। जिसके लिए समस्त पार्षद नगर निगम के द्वितीय स्थल स्थित सभाकक्ष में पहुंचे। जहां नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए गए। महापौर व सभापति पद के लिए दो-दो नामांकन प्राप्त हुए। दोनों नामांकन वैध पाए गए तथा किसी अभ्यर्थी ने नाम वापसी नहीं की। दोपहर 2 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ जिसमें सभी 48 पार्षदों ने मतदान किया। सर्वप्रथम महापौर के लिए मत डाले गए। उसके पश्चात सभापति के लिए मतदान हुआ। मतदान समाप्ति के पश्चात अभ्यर्थियों के समक्ष जिला कलेक्टर व पीठासीन अधिकारी यशवंत कुमार ने मतगणना प्रारंभ की। जिसमें महापौर के लिए जानकी काटजू 4 मतों से विजयी रही व सभापति के लिए जयंत ठेठवार ने 12 मतों से जीत हासिल की। परिणाम घोषणा उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पीठासीन अधिकारी यशवंत कुमार द्वारा प्रमाण-पत्र दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.ए.कुरूवंशी, नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा व जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल सहित निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जिले के अन्य नगरीय निकायों के परिणाम

जिले के अन्य नगरीय निकायों में नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा व उपाध्यक्ष राजेश सहिस बने। नगर पंचायत बरमकेला में अध्यक्ष हेमसागर नायक व उपाध्यक्ष डॉ.रामकुमार नायक निर्वाचित हुए। नगर पंचायत सरिया से स्वप्निल स्वर्णकार अध्यक्ष तथा अरूण कुमार सराफ उपाध्यक्ष चुने गये। नगर पंचायत पुसौर में रितेश थवाईत अध्यक्ष व कृष्ण कुमार सतपथी उपाध्यक्ष बने। नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में अध्यक्ष पद हरिकिशोर चन्द्रा व उपाध्यक्ष का पद मनीष शर्मा को मिला। नगर पंचायत घरघोड़ा में अध्यक्ष के लिए शिशु सिन्हा व उपाध्यक्ष के लिए उस्मान बेग ने जीत हासिल की। नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष श्रीमती तरूणा श्याम साहू व उपाध्यक्ष टारजन भारती बने। नगर पंचायत लैलूंगा में श्रीमती मंजू देवी अग्रवाल अध्यक्ष व रविन्द्र पाल धुर्वे उपाध्यक्ष चुने गये।

# चरित्र शंका को लेकर नाबालिग पुत्र ने की थी मां की हत्या

» पुलिस को गुमराह करने दर्ज कराई मनगढ़ंत रिपोर्ट » छाल पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाई

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना छाल में दिनांक 05.01.2020 को चंद्रशेखरपुर ऐडु के ठाकुरदेव देवराज ट्रस्ट में अपने पति के साथ चौकीदारी करने वाली 40 वर्षीय महिला की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दिये जाने की रिपोर्ट मृतिका के नाबालिग पुत्र द्वारा दर्ज कराया गया था जिस पर मर्ग क्रमांक 01/2020 धारा 174 जाफौ तथा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 08/2020 धारा 302 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। गंभीर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया पहुंचे और विवेचक को घटना के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

मामले में मृतिका के पुत्र ने छाल पुलिस को बताया कि करीब 2 वर्ष से माता-पिता के साथ ठाकुरदेव देवराज ट्रस्ट चंद्रशेखरपुर ऐडु में रहकर चौकीदारी का काम कर रहे थे। इनका मूल निवास ग्राम गुर्दा थाना खरसिया है। बालक ने यह बताया कि दिनांक 04.01.2020 को पिताजी गांव (गुर्दा) चले गए थे। देवराज परिसर में मां के साथ झोपड़ी में





रात्रि करीब 8:00 बजे खाना खाकर परिसर के बिल्डिंग में सोने चला गया मां वहीं झोपड़ी में आग तपा रही रही थी। दूसरे दिन 05.01.2020 को सुबह करीब 7:00 बजे उठा तो मां बिल्डिंग में सोने नहीं आयी थी। तब झोपड़ी में जोर देखा तो मां जमीन पर पेट के बल लेटी मरी पड़ी थी सिर में गड्ढा चोट का निशान था जिसकी किसी ने लोहे के सब्बल या परसूल या किसी अन्य वस्तु से हत्या की गई है।

छाल पुलिस द्वारा नाबालिक के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर की हर सम्भवनाओं पर विवेचना की जा रही थी। चूंकि घटनास्थल जंगल नदी संगम के किनारे स्थित देवराज ट्रस्ट में बाहरी व्यक्ति के आने जाने की संभावना कम है तथा प्रारंभिक पूछताछ में प्रार्थी/बालक पुलिस को दिये अपना बयान बार-बार बदल रहा था जिससे उसके ऊपर शंका हुआ। बालक की दशा को देखते हुए पुलिस द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ किया गया और अंततः बालक ने अपनी मां की हत्या करना स्वीकार करते हुए बताया कि रात्रि में जब वह दिशा मैदान से वापस सोने के लिए कमरे में जा रहा था। तभी उसने उसकी मां के झोपड़ी में मोबाइल टच की रोशनी देखी और झोपड़ी तरफ गया तो वहां से किसी व्यक्ति को झोपड़ी से निकलकर जंगल की तरफ भागते देखा और झोपड़ी में जाकर अपनी मां से पूछा तो उसकी मां नहीं बताई। पुत्र को अपनी मां के चरित्र पर पूर्व से शंका तथा पूर्व में भी वह इसी बात को लेकर आपत्ति किया था। मां का दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध होने से नाबालिक पुत्र आक्रोशित होकर मां को झोपड़ी में पड़े लकड़ी से सिर पर मार कर गिरा दिया फिर सब्बल एवं टंगिया से गर्दन पर संघातिक चोट पहुंचाकर वहीं छोड़ दिया और अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह झोपड़ी में आकर देखा तो उसकी मां मर चुकी थी। डर से नाबालिग बालक ने घटना में प्रयुक्त टंगिया को झोपड़ी के पीछे नदी संगम में फेंक दिया? और छाल पुलिस को अपने द्वारा रची मनगढ़ंत घटना की रिपोर्ट लिखाया। प्रकरण में अपचारी बालक द्वारा साक्ष्य नष्ट करना पाए जाने पर धारा 201 भादंवि विस्तारित की गई है तथा अपचारी बालक से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी एवं लोहे का सब्बल जप्त कर अपचारी बालक (16.5 माह) को आज दिनांक 06.01.2020 को बाल किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने भेजा गया है।





## पुलिस थानों में रिपोर्ट नहीं लिखने पर डीजीपी से सकते हैं सीधे शिकायत

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के आम नागरिकों को पुलिस से होने वाली परेशानियों, पुलिस थानों में उनके द्वारा प्रस्तुत शिकायतों-रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही न करने और थानों में रिपोर्ट करने जाने पर उनके साथ पुलिस कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार करने अथवा अनावश्यक विलंब करने एवं पुलिस कार्यवाही से असंतुष्ट होने पर राज्य का कोई भी व्यक्ति पुलिस महानिदेशक के समक्ष उपस्थित होकर सीधे आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी द्वारा आवेदकों द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर त्वरित कार्यवाही हेतु पुलिस महानिदेशक कार्यालय में शिकायत विरूद्ध पुलिस सेल कम्पलैंट अगैन्स्ट्स पुलिस सेल जो पूर्व से संचालित है, इसके प्रभारी अधिकारी राजेश अग्रवाल सहायक पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग, पुलिस मुख्यालय रायपुर को नियुक्त किया गया है। आवेदकों द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत समस्त आवेदनों पर इनके द्वारा विधिवत त्वरित कार्यवाही कराई जाएगी।

» पिकरीपार में तीन दिवसीय रामनामी बड़े भजन मेला का शुभारंभ

## रामनामियों के रोम-रोम में राम - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि रामनामियों के रोम रोम में राम बसते हैं। वे राम के सच्चे अनुयायी हैं। उनमें राम के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा हैं। छत्तीसगढ़ के गावों-कस्बो में तालाब निर्माण में रामनामी



समाज के पुरखों का विशेष योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव मे तालाबो का निर्माण रामनामियों के दया भाव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री बघेल आज जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा विकासखण्ड के ग्राम पिकरीपार में रामनामी बड़े भजन मेला का शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए और इस आयोजन के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मेले का आयोजन अखिल भारतीय रामनामी सतनामी महासभा के तत्वाधान में 06 से 08 जनवरी तक किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राम सभी के अराध्य हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में राम बसे हैं। यहां के लोग परस्पर मुलाकात तथा विदाई के समय राम-राम का उच्चारण करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम की माता कौशल्या का मायका छत्तीसगढ़ है। भगवान राम ने वनगमन का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया है। भगवान राम वनगमन के दौरान जिस मार्ग पर चले उसे राम वनगमन पर्यटन परिपथ के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसकी शुरूआत चन्दखुरी से कर दी गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग के लोगों की सेवा और उनके विकास का कार्य कर रही है।

# कबाड़ से जुगाड़ नवाचार के तहत विद्यार्थियों ने बनाये आकर्षक विज्ञान मॉडल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला प्रशासन और जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा विभाग द्वारा आज सेंट जेवियर्स स्कूल में कबाड़ से नवाचार अन्तर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सभी 9 विकास खण्ड से चयनित शासकीय प्राथमिक स्कूल और शासकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने नवाचार के तहत अपने आसपास पाए जाने वाले कबाड़ का उपयोग करने वाला मॉडल बनाया था। जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक रमेश देवांगन ने विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा प्रतिभावान बच्चे क्लस्टर स्तर से चयनित होकर ब्लाक स्तर से विज्ञान प्रदर्शनी में चयन होकर जिला स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए और आगे जिला स्तर पर चयनित होकर बच्चे राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि नवाचार और टीचर लर्निंग बच्चों में विषय की समझ विकसित करने के लिए एक अच्छा माध्यम है, विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों को अपने आसपास कबाड़ से जुगाड़ करके कुछ न

## जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्वीज प्रतियोगिता आयोजित





कुछ सीखने को मिलता है।

कबाड़ समान का उपयोग करके वैक्यूम क्लीनर, मैजिक कम्प्यूटर, रक्त परिसंचरण तंत्र, क्षेत्रफल माप, वाटर पम्प, बाढ़ सूचक यंत्र, पेरिस्कोप, वर्षा जल संग्रहण संयंत्र, प्रदूषण मुक्त ऊर्जा स्त्रोत सोलर कुकर, बोरे से ग्रामीण फिजर, जिसमें हरी साग सब्जियों को ताजा रखा जा सकता है। वाटर फिल्टर, डेंगू मच्छर मलेरिया मच्छर के लक्षण, बाइस्कोप आदि विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा आकर्षक विज्ञान मॉडल तैयार किए गए थे।

कबाड़ से नवाचार प्रतियोगिता के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी प्राथमिक शाला स्तर प्रथम-प्राथमिक शाला कसैया घरघोड़ा बाइस्कोप मॉडल, द्वितीय-प्राथमिक शाला कुंजेमूरा विकासखण्ड तमनार वैक्यूम क्लीनर, तृतीय-प्राथमिक शाला नदीगांव विकासखंड बरमकेला, माध्यमिक शाला स्तर में प्रथम -माध्यमिक शाला हाटी विकासखण्ड धरमजयगढ़ वर्षा जल संग्रहण, द्वितीय-माध्यमिक शाला जैमूरा विकासखण्ड खरसिया घातांक पहाड़ा, तृतीय-माध्यमिक शाला फरकानारा विकासखण्ड खरसिया वैक्यूम क्लीनर, क्वीज प्रतियोगिता के अंतर्गत विकासखण्ड खरसिया प्रथम स्थान, विकासखंड पुसौर एक द्वितीय स्थान, एवं विकासखंड पुसौर दो तृतीय स्थान रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों द्वारा कबाड से बनाये मॉडल प्रदर्शित किए गए। इनमें ग्राम नगोई के आठवीं के छात्र सुरेन्द्र कुमार पटेल ने वर्षा के पानी को संग्रहित करने वाला जल संग्रहण संयंत्र का माडल तैयार किया था। विज्ञान प्रदर्शनी में खरसिया विकास खण्ड के माध्यमिक शाला तरकानारा के कक्षा सातवीं की छात्रा सांक्षी मिंज ने वैक्यूम क्लीनर बनाया था। घरघोड़ा विकास खण्ड के शा.कन्या माध्यमिक शाला की आराधना शर्मा ने कम्प्यूटर मैजिक का मॉडल दिखाया।

इसी प्रकार लैलूंगा विकास खण्ड के माध्यमिक विद्यालय केराबाहर की कक्षा आठवीं की सुमन यादव और भानू पैकरा ने यौगिक के रासायनिक सूत्र पर माडल तैयार किया था। तमनार विकास खण्ड के माध्यमिक विद्यालय सराईपाली के आठवीं के छात्र उदय कुमार राठिया और राज कुमार राठिया ने वाटर पम्प बनाया था।

रायगढ़ विकास खण्ड के माध्यमिक विद्यालय बालमगोड़ा की आठवीं की छात्रा कुमारी अलंका यादव और काजल महन्त ने बाढ़ सूचक यंत्र तैयार किया था। सारंगढ़ विकास खण्ड के माध्यमिक विद्यालय लेन्ध्रा के सातवीं के छात्र मनीष साहू ने पेरिस्कोप बनाया था। इसी प्रकार बरमकेला विकास खण्ड के माध्यमिक विद्यालय बड़े नावापारा आठवीं की छात्रा अनिता सिदार ने प्रदूषण मुक्त ऊर्जा स्त्रोत यंत्र व माध्यमिक विद्यालय कंचनपुर के छात्र तोषराम खमहारी ने शौचालय का पाइप लाइन द्वारा मल एकत्रीकरण से गैस उत्पादन यंत्र बनाया गया था।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480